Form No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

GCMS 2021/42

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी लूनकरणसर

बृजलाल आदि बनाम सरकार

किस्म मुकदमा:– 136 एलआरएक्ट

नं. मुकदमा 35 / 2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12/02/21	आज यह पत्रावली तहसीलदार लूनकरनसर से प्रस्ताव प्राप्त होने पर मुरतीब की गई । दर्ज रजिस्टर की जावे। प्रार्थी बृजलाल आदि द्वारा निवेदन किया गया कि पटवार मण्डल कालवास के चक 13LKD के मु.नं. 70/31 में किला नम्बर 10/2 रकबा 1.0 बीघा कमाण्ड खाता संख्या 5 में दर्ज हैं तथा खाता संख्या 28 में भी 70/31 में किला नम्बर 10/1 रकबा 1.0 बीघा कमाण्ड दर्ज रिकोर्ड हैं। जबकि किला नम्बर 11 मु. नं. 70/31 में भी दर्ज नहीं हैं। यही त्रुटी पिछली जमाबन्दी से चली आ रही हैं। मौके पर भी खाता 5 के खातेदारान का कब्जा किला नम्बर 10 व खाता संख्या 28 का कब्जा किला नम्बर 11 पर हैं। खाता संख्या 28 के खातेदारान द्वारा खातेदारी सनद क्रमांक 860 मु.स. 31 दिनांक 11.02.2013 में किला नम्बर 11 श्रीराम पुत्र जेठाराम के नाम से दर्ज हैं। अतः किला नम्बर 10 को खाता संख्या 5 के खातेदार जुगलकिशोर पुत्र रूपाराम कौम ब्राहम्ण साकिन लूनकरनसर के नाम से किला नम्बर 10 व खाता संख्या 28 के खातेदार श्रीराम पुत्र जेठाराम जाति जाट साकिन नाथवाना के नाम से किला नम्बर 11 किया जाना उचित हैं की रिपोर्ट पटवार हल्का से प्राप्त हैं। हमने तहसीलदार लूनकरनसर से प्राप्त प्रस्ताव का अवलोकन किया । प्रस्ताव में पटवार हल्का कालवास की रिपोर्ट व भू. अभिलेख निरीक्षक की जांच टिप्पणी एवं तहसीलदार राजस्व लूनकरनसर द्वारा दुरूस्त करने की अनुशंषा की गई हैं। संलग्न दस्तावेजो एवं रिपोर्ट अवलोकन बाद दुरूस्ती उचित प्रतीत होती हैं। अतः मुताबिक रिपोर्ट चक 13 एलकेडी के खाता संख्या 28 के मु.नं. 70/31 के किला नम्बर 10/1 रकबा 1–0 बीघा कमाण्ड के स्थान पर किला नम्बर 11 एवं खाता संख्या 05 के मु.नं. 70/31 के किला नम्बर 10/2 रकबा 1.0 बीघा कमाण्ड के स्थान पर किला नम्बर 10 में 1.0 बीघा में अंकित किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार लूनकरनसर को मुताबिक आदेश दुरूस्ती अमलदरामद करने बाबत आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित की जावे। पत्रावली निर्णय में शुमार हो कर हस्ब जाब्ता दाखिल दफत्तर हों।	

उपखण्ड अधिकारी लूणकरणसर

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagirath Shakh
Date: 2021.07.29 12:03:55 IST
Reason: SelfAttested